प्रेस नोट 01- दिनांक 19.09.2024

थाना फतेहपुर चौरासी, जनपद उन्नाव।

पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार , लूट के 75 हजार रुपये व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस, थाना माखी व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ मे एक शातिर लुटेरे को लूट के 75 हजार रुपये व एक तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 19.09.2024 को समय करीब 04.20 बजे थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी उगू रेलवे क्रासिंग के आगे पुलिया के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों को पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त बाइक सवार अज्ञात युवको द्वारा पुलिस पर फायरिंग कर दी गई, आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड़ मे एक युवक के पैर में गोली लगी है तथा उसका एक अज्ञात साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में घायल युवक की पहचान अश्वनी कुमार पुत्र राजकुमार निवासी बढ़ी बाजार थाना सफीपुर जनपद उन्नाव के रुप में हुई है, घायल अश्वनी उपरोक्त को सीएचसी फतेहपुर चौरासी में भर्ती कराया गया है। पूछताछ में अश्वनी उपरोक्त द्वारा पुलिस को बताया गया कि वह दिनांक 09.09.2024 को छगनू प्रसाद पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम टिकरा जनपद उन्नाव के साथ थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम सुक्खू खेड़ा के पास हुई लूट की घटना में शामिल था, उपरोक्त घटना के संबन्ध में थाना फतेहपुर चौरासी पर मु0अ0सं0 258/2024, धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त के कब्जे से माल मुकदमाती 75,000 रुपये पासबुक ,आधार कार्ड ,पिट्ठू बैग बरामद हुआ है। मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2),109बीएनएस व 3/25 आर्मस एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई है। मौके से फरार अभियुक्त व लूट की घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास सहित आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. अश्वनी पुत्र राजकुमार निवासी बडी बाजार कस्बा व थाना सफीपुर जनपद उन्नाव उम्र 26 वर्ष

बरामदगी

1. 75,000 रुपये कैश
2. बैक पासबुक व आधार कार्ड
3. पिट्ठू बैग

आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 300/22 धारा -302,201 34 भादवि थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव
2. मु0अ0सं0 258/2024, धारा 309(4),317(2),109बीएनएस व 3/25 आर्मस एक्ट थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव

गिरफ्तार करने वाली टीम

थाना फतेहपुर चौरासी पुलिस टीम-श्री ज्ञानेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना फतेहपुर चौरासी, उ0नि0 श्री अजय शर्मा, का0 विकाश गंगवार, का0 दीपेन्द्र कुमार, का0 विष्णुदयाल, का0 हिमाशू, का0मनोज अत्री थाना फतेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव

एसओजी टीम - श्री जयप्रकाश यादव प्रभारी स्वाट टीम, हे0का0 सतेन्द्र कुमार, का0 रवि, का0 गौरव , का0 द्वारिकाधीश, का0 विकाश भदौरिया

थाना माखी पुलिस टीम-श्री संदीप मिश्रा थानाध्यक्ष माखी, हे0का0 सौरभ मिश्रा ,का0 मुकेश मिश्रा ,का0 नितीश, का0 हरेश बालियान, का0 गिरीश

सर्विलांस टीम- हे0का0 राधेश्याम

UNNAO POLICE

प्रेस नोट 02- दिनांक 19.09.2024

थाना हसनगंज, जनपद उन्नाव।

करीब 2.5 लाख रुपये कीमती अवैध अंग्रेजी शराब की 35 पेटी बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस व आबकारी टीम द्वारा अवैध अंग्रेजी शराब की 35 पेटी बरामद की गई।

संक्षिप्त विवरण- प्रभारी निरीक्षक हसनगंज,चौकी प्रभारी मोहान व आबकारी टीम के द्वारा आज दिनांक 19.09.24 को आगरा एक्सप्रेस वे के नीचे मटरिया चौराहा पर संयुक्त चेकिंग के दौरान पीआरवी 2911 से सूचना मिली कि0मी0 नं0-278.500 ग्राम मुंशीखेड़ा मजरा शाहपुर तोंदा अन्डर पास पुल के ऊपर आगरा से लखनऊ जाने वाली लेन पर एक ALCAZAR कार नं0-BR01FV9560 खड़ी है जिसमें एक्सप्रेस वे पेट्रोलिंग टीम को देखकर मौके पर दो व्यक्ति उपरोक्त कार छोड़कर भाग गये। पुलिस टीम एवं आबकारी टीम मौके पर जाकर देखा जहाँ पर यूपीडा के सुरक्षा अधि0/कर्म0गण पहले से मौजूद है उक्त गाड़ी को चेक किया गया तो गाड़ी से हरियाणा प्रान्त बिक्री हेतु अनुमन्य रायल स्टैग ब्राण्ड की 15 पेटी(720 बोतल 180 ML) तथा रायल स्टैग ब्राण्ड की 20 पेटी(240 बोतल 750 ML) कुल 35 पेटियाँ बरामद हुई बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 220/2024 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी रायल स्टैग ब्राण्ड की 15 पेटी(720 बोतल 180 ML) तथा रायल स्टैग ब्राण्ड की 20 पेटी(240 बोतल 750 ML) कुल 35 पेटियाँ बरामद होना।

बरामदगी करने वाली थाना हसनगंज पुलिस टीम

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार साहू थाना हसनगंज,उन्नाव।

2.हे0का0 हरिपाल सिंह थाना हसनगंज उन्नाव।

3.का0 पंकज कुमार थाना हसनगंज,उन्नाव।

बरामदगी करने आबकारी वाली टीम –

1-श्रीमती ज्योति अग्रवाल आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 हसनगंज

2-श्री पुरूषोत्तम प्रसाद टण्डन आबकारी निरीक्षक सफीपुर क्षेत्र-3

3-अविनाश कुमार तिवारी प्रधान आबकारी सिपाही क्षेत्र-2 हसनगंज

4-विनय कुमार आबकारी सिपाही क्षेत्र-2 हसनगंज।